18. The decisions recorded in the proceedings shall be submitted to the Dean of the School concerned for inclusion in the Agenda of the School Board for its next meeting.
19. Formal confirmation of the minutes will be the first item on the agenda of the following meeting of the Board of Studies.

संलग्नकसंख्या - ~~3~~ 2

ANNEXURE ~~3~~ 2

COURSE CATALOGUE DESIGNED BY CURRICULUM DEVELOPMENT COMMITTEE (CDC) HELD ON JULY 21-22, 2015

(कार्यालयीयः अनुवादः)

हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वविद्यालय, धर्मशाला

भाषासंकाय

विभाग – संस्कृत

संस्कृतविभाग की पाठ्यसमिति के पञ्चम उपवेशन का (BOS 5th) कार्यविवरण

संस्कृतविभाग की पाठ्यसमिति के पञ्चम उपवेशन का आयोजन हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वविद्यालय के धर्मशालास्थित धौलाधारपरिसर-1 में दिनाङ्क१५ अक्तूबर,२०१९ को १०.३० पूर्वाह्न में हुआ। गोष्ठी का आरम्भ समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ० बृहस्पतिमिश्र के औपचारिक स्वागत भाषण से हुआ

संगोष्ठी में समुपस्थित सदस्य थे –

१. डॉ० बृहस्पतिमिश्रः, संस्कृतविभागस्य अध्यक्षः, पाठ्यसमितेः संयोजकश्च।
२. प्रो० हर्षमेहता, बाह्यविषयविशेषज्ञः, सेवानिवृत्तः आचार्यः, पञ्जाब विश्वविद्यालयः (तलवाड़ा टाउनशिप होशियारपुर)
३. डॉ० ओमदत्तसरोचः, बाह्यविषयविशेषज्ञः, सेवानिवृत्तः प्राचार्यः, संस्कृतमहाविद्यालयः, चकमोहः, हमीरपुरम्।
४. प्रो० रोशन लाल शर्मा, कुलपतिद्वारा नामितः, आङ्गलविभागस्य विभागाध्यक्षः
५. प्रो० बलवान् गौतमः, कुलपतिद्वारा नामितः, आचार्यः, अम्बेडकर-पीठम्
६. डॉ० कुलदीपकुमारः, सहायकाचार्यः, संस्कृतविभागः
७. डॉ० विवेकशर्मा, सहायकाचार्यः, संस्कृतविभागः
८. डॉ० भजहरिदासः, सहायकाचार्यः, संस्कृतविभागः
९. श्रीमती अर्चना (विशेषामन्त्रिता), सहायकाचार्या, संस्कृतविभागः
१०. डॉ अंकुशकुमारः, सहायकाचार्यः (अतिथिः), संस्कृतविभागः
११. सुश्री सोनिका, सहायकाचार्या (अतिथिः), संस्कृतविभागः

इस गोष्ठी में विभागाध्यक्ष के द्वारा यह कार्यसूची समुपस्थापित की गयी –

५.१- दिनाङ्क ८अगस्त,२०१८ को आयोजित चतुर्थ पाठ्यसमिति (BOS-4th) के कार्यवृत्त का उपस्थापन।
संस्कृतविभाग के द्वारा स्नातकस्तर पर **वार्षिक-कर्मकाण्ड-प्रमाणपत्र तथा** द्विवार्षिककर्मकाण्ड-अनुधिः (डिप्लोमा) इन दोनों पाठ्यक्रमों का अनुमोदन (संलग्नक-२) और स्वीकृति।

५.३ – संस्कृतविभाग के द्वारा स्नातकोत्तरस्तर पर वार्षिक-संस्कृत-अनुवाद-अनुधिः (डिप्लोमा) इस पाठ्यक्रम का अनुमोदन **एवं** स्वीकृति।

५.४ – **नूतनपाठ्यक्रमों का अनुमोदन** –

कौशलविकास (skill development) :- व्यावहारिक - संस्कृतम्।

मानवनिर्माण (human making) :- संस्कृत-ज्ञानपरम्परा।

५.५ - सभी पाठ्यक्रमों में पाठ्यपुस्तकों की निर्धारित सूची निर्मित हो ऐसी संस्तुति।

५.६ – संस्कृतविभाग के छात्रों के लिये कार्यशाला।
५.७ - शोधछात्र दीपकनौटियाल के विद्यावारिधि की विषय की स्वीकृति और शोधप्रारूप की संस्तुति।
५.८ – संस्कृतविभाग के शोधनिर्देशकों की पुष्टि।
५.९ – शोधछात्र चमनलाल के विषय की स्वीकृतिः।

इसका कार्यविवरण इस प्रकार है –

विषय क्र. एस.के.टी. / बी.ओ.एस. / ५.१ :
दिनाङ्क ८ अगस्त ,२०१८ को आयोजित चतुर्थ पाठ्यसमिति के कार्यवृत्त का उपस्थापनम्। (संलग्नक -१)
कार्यविवरण :
संस्कृतविभाग की पञ्चमपाठ्यसमिति के (BOS-5th) समक्ष उपस्थापित चतुर्थपाठ्यसमिति के(BOS-4th) निर्णयों, नियमों एवं कार्यों का अनुमोदन कर दिया गया।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./५.२ :
संस्कृतविभाग के द्वारा स्नातकस्तर पर **वार्षिक-कर्मकाण्ड-प्रमाणपत्र और** द्विवार्षिककर्मकाण्ड-अनुधिः (डिप्लोमा) इन दोनों पाठ्यक्रमों का अनुमोदन (संलग्नक-२) **एवं** स्वीकृति।
कार्यविवरण :
संस्कृतविभाग के द्वारा स्नातकस्तर पर वार्षिक-कर्मकाण्ड-प्रमाणपत्र और द्विवार्षिक-कर्मकाण्ड-अनुधिः (डिप्लोमा) इन दोनों पाठ्यक्रमों की **प्रवेशार्हता एवं श्रेयाङ्कों के विषय में चर्चा की गयी और यह निश्चय किया गया कि प्रवेश की योग्यता वरिष्ठ-माध्यमिक-स्तर की उत्तीर्णता (10+2) होनी चाहिए। वार्षिक-कर्मकाण्ड पाठ्यक्रम के श्रेयाङ्क चालीस (40) और द्विवार्षिक-कर्मकाण्ड पाठ्यक्रम के श्रेयाङ्क अस्सी (80) होने चाहिए, ऐसा नियमानुसार प्रस्तावित किया गया।**

पाठ्यक्रम के विषय में (CDC) एक गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें विशेषज्ञ के रूप में दो विद्वान् उपस्थितहुए। श्रीलक्ष्मीनिवासपाण्डेय और श्रीबनवारीशर्मा इन दो विशेषज्ञों के द्वारा पाठ्यक्रम का प्रारूप बना कर दिया गया।

वार्षिक-कर्मकाण्ड-प्रमाणपत्र के पाठ्यक्रम का (certificate course) नाम विशारद **एवं द्विवार्षिक-कर्मकाण्ड-अनुधि पाठ्यक्रम का (diploma course) नाम** प्रवीण हो, **इस प्रकार नाम के विषय में चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय किया गया।**

गोष्ठी में ओमदत्तसरोच महोदय ने कहा कि सन्दर्भग्रन्थों में कर्मठगुरु और नित्यपूजाप्रकाश इत्यादि प्रमुख ग्रन्थों का समायोजन हो | इस चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत हो गया।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./५.३ :
संस्कृतविभाग के द्वारा वार्षिक–संस्कृत-अनुवाद-अनुधिः (डिप्लोमा) इस पाठ्यक्रम का अनुमोदन और (संलग्नक-३) स्वीकृति।
कार्यविवरण :

संस्कृतविभाग में स्नातकोत्तरस्तर पर वार्षिक-संस्कृत-अनुवाद-अनुधि (डिप्लोमा) इस पाठ्यक्रम की प्रवेशार्हता और श्रेयाङ्कों के विषय में चर्चा की गयी जिसमें प्रवेशयोग्यता स्नातक (B.A) हो। वार्षिक-संस्कृत-अनुवाद-अनुधि-पाठ्यक्रम के श्रेयाङ्क चालीस (40) होने चाहिए,ऐसा नियमानुसार प्रस्ताव किया गया | यदि 20 श्रेयाङ्क प्राप्त होंगे तो प्रमाणपत्र दिया जायेगा। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया। विभागाध्यक्ष पाठ्यक्रमों के व्याख्यानों की योजना के लिये एक समिति की रचना करेंगे। वह समिति पाठ्यक्रम के विवरण का प्रस्ताव करेगी।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./५.४ :

नूतनपाठ्यक्रमों का अनुमोदन – (संलग्नक- ४)

कौशलविकास (skill development) :- व्यावहारिक-संस्कृत।

मानवनिर्माण (human making) :- संस्कृत-ज्ञानपरम्परा

कार्यविवरण:

कौशलविकास के अन्तर्गत (skill-development) व्यावहारिक-संस्कृत एवं मानवनिर्माण के अन्तर्गत (human making) संस्कृत-ज्ञानपरम्परा- इन दो पत्रों की उपयोगिता का परिशीलन कर सम्यक्-रूप से चर्चा के बाद समिति ने इन्हें स्वीकृति प्रदान की।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./५.५. : सभी पाठ्यक्रमों में पाठ्यपुस्तकों की निर्धारित सूची निर्मित हो इसकी संस्तुति।

कार्यविवरण :

हर्षमेहतामहोदय ने इस विषय में सम्मति दी कि प्रश्नपत्रों के निर्माण के लिये निर्धारित-ग्रन्थसूची की नितान्त आवश्यकता होती है। इस प्रकार से स्वीकृत पाठ्यक्रमों में प्रस्तुत संशोधन स्वीकृत हो गया।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./ ५.६:

संस्कृतविभाग के छात्रों के लिये कार्यशाला।

कार्यविवरण :

विभाग के सभी छात्रों के संस्कृतभाषा में भाषाकौशल के अधिक विकास और परिष्कार के लिये तथा योग में रुचि-संवर्धन के लिये प्रत्येक सत्र में प्रायोगिककक्षा के लिये **कार्यशालाएँ होनी चाहिए।** भाषाप्रबोधनकार्यशाला, भाषापरिष्कारकार्यशाला और योगकार्यशाला का आयोजन भी हो। विभागाध्यक्ष ने कहा कि SKT210 और SKT311 इन दोनों पाठ्यक्रमों में योगासनों की दशदिवसीय प्रायोगिककक्षा का आयोजन आवश्यक है | समिति के द्वारा इस विषय में चर्चा में यह उपस्थापित किया गया कि संस्कृतभाषा में सभी छात्रों की सम्यक् गति हो। अत एव भाषाप्रबोधनकार्यशाला, भाषापरिष्कारकार्यशाला और योगकार्यशाला के आयोजन की स्वीकृति तथा SKT210, SKT311 इन दो पाठ्यक्रमों में तदनुसार प्रस्तुत-संशोधन की अनुमति दे दी गयी।

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./ ५.७ :

शोधछात्र दीपकनौटियाल के विद्यावारिधि की **शोधविषय** की स्वीकृति और शोधप्रारूप की संस्तुति।

कार्यविवरण :

संस्कृतविभाग के शोधछात्र दीपकनौटियाल के विद्यावारिधि की **शोधविषय** की स्वीकृति और शोधप्रारूप की संस्तुति **की गई।**

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./ ५.८ : संस्कृतविभाग के शोधनिर्देशकों की पुष्टि।

कार्यविवरण :

संस्कृतविभाग में शोधार्थियों के द्वारा शोधनिर्देशकों का चयन किया गया। बाद में विभागाध्यक्ष के द्वारा उनका अनुमोदन किया गया । अनुमोदित अधोलिखित शोधनिर्देशकों की पुष्टि की गयी –

क्रमाङ्क	**शोधनिर्देशक**	**शोधछात्र**
1.	डॉ० कुलदीपकुमार	दीपकनौटियाल, चमनलाल, अनिलकुमार
2.	डॉ० विवेकशर्मा	पङ्कजशर्मा
3.	डॉ० भजहरिदास	असीमहालदार

विषय क्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./ ५.९:

शोधछात्र चमनलाल की पीएच.डी. के विषय की स्वीकृति।

कार्यविवरण :

संस्कृतविभाग के शोधछात्र चमनलाल का शोधविषय पहले "संस्कृतवाङ्मये रोगोपचारः (अग्निपुराणस्य विशेषसन्दर्भे)" यह था। वह बदलकर :अग्निपुराणे रोगोपचारः" **इस रूप में अनुमोदित कर दिया गया।**

2. कुलसचिवः, हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वविद्यालयः
3. अधिष्ठाता - भाषासंकायस्य संचिकायाम् ।
4. कुलपतिमहोदयस्य निजीसचिवाय - कृपया माननीयकुलपतिमहोदयस्य सूचनार्थम् ।

(हिन्दी-भाषया अनुवादः)

10 सितम्बर 2020 को ई.मेल के माध्यम से आयोजित संस्कृत विभाग की पाठ्य समिति की षष्ठी गोष्ठी (BoS 6th) का कार्य विवरणम्

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की षष्ठी पाठ्य समिति की गोष्ठी ई-मेल के माध्यम से (By Circulation) 10 सितम्बर 2020 को की गई।

पाठ्य समिति की अधिसूचना (पत्राङ्क–1-4/हि.प्र.के.वि./सा.प्र./2010/5795-5800/23 सितम्बर2019) के अनुसार अधिसूचित अधो लिखित सदस्यों को ई मेल किया गया --

1. डॉ. ओम्दत्तसरोचः, सेवानिवृत्तप्राचार्यः , गाँव पिपलू, डाक - घलू, बाया धनेटा, जिला – ऊना , हिमाचलप्रदेशः (बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में सदस्य)
2. डॉ. हर्ष मेहता, सेवानिवृत्त आचार्यः, 11 एल, टी -5, सेक्टर-1, तलवाडा टाउन शिप, होशियारपुर, पंजाब, (बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में सदस्य)
3. प्रो. रोशन लाल शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, (माननीय कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य)
4. प्रो. बलवान सिंह गौतम, चेयर प्रोफेसर, डॉ. आम्बेडकर चेयर, (माननीय कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य)

ईमेल में अधो लिखित विषय प्रेषित किया गया -

विषयः - संस्कृत-विभागस्य पाठ्यसमितेः (BoS-6th) षष्ठ-गोष्ठ्याम् (10-09-2020) आमन्त्रणस्य सम्बन्धे ।

आदरणीयमहोदय !

सविनयं निवेदनम् अस्ति यत् पाठ्यसमितेः (BoS-6th) षष्ठ-गोष्ठी दिनाङ्के 10-09-2020 अणुपत्रमाध्यमेन (ई.मेल By Circulation) निश्चिता अस्ति । अत्र भवान् सम्बद्ध-विषय-विशेषज्ञरूपेण/कुलपतिनामित-सदस्यरूपेण सादरं निमन्त्रितः अस्ति ।

445

संस्कृतविभागस्य पाठ्यसमितेः अणुपत्रमाध्यमेन
षष्ठतमस्य उपवेशनस्य (BOS-6th) कार्यसूची

विषयः - क्र. एस.के.टी. / बी.ओ.एस. / ६.१ :

➢ **हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वद्यालयस्य धौलाधारपरिसरस्य सगोष्ठीकक्षे 8 मई 2019 दिनाङ्के अनौपचारिक-संस्कृतशिक्षण-प्रकल्पस्य समापनसमारोहकार्यक्रमे कुलपतिना कुलदीपचन्दाग्निहोत्रिणा घोषणा कृतासीत् यत् अधुना हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वद्यालस्य स्नातकसंस्कृत (बी०ए०) इति उपाधिपत्रे शास्त्री इत्यपि पदं लेखिष्यते ।**

कुलपतिवर्यस्य निर्देशः अस्ति यत् उपर्युक्तविषयस्य विचार-विमर्शः शीघ्रातिशीघ्रं भवेदिति । अतः अस्य विषयस्य एषा अणुपत्रमाध्यमेन गोष्ठी आयोजिता ।
अस्मिन् विषये स्वीयान् विचारान् तथा च सम्मतिः असम्मतिः इति अणुपत्रमाध्यमेन (ई.मेल) यथाशीघ्रं प्रकाशयन्तु एतदर्थं सादरं निवेद्यते ।

सादरं धन्यवादः

(डॉ. बृहस्पतिमिश्रः)
अध्यक्षः - पाठ्य-समितिः
विभागाध्यक्षः - संस्कृतविभागः, अधिष्ठाता - भाषासंकायः
हिमाचलप्रदेशकेन्द्रीयविश्वविद्यालयः, हिमाचल प्रदेश- 177041

उपर्युक्त विषय में ई-मेल के माध्यम से सभी सदस्यों ने अपना मत व्यक्त किया । डॉ. ओम्दत्त सरोच शर्मा महोदय जी ने इस विषय में अपनी असम्मति व्यक्त की । शेष सभी सदस्यों ने इस विषय में अपनी सम्मति व्यक्त की । (ईमेल मुद्रित संलग्न) । इसके साथ ही सम्मति व्यक्त करने वाले शेष सभी सदस्यों ने दूरभाष चर्चा में इस विषय में भी सम्मति दी कि इस निर्णय को पूर्वप्रभावी (Retrospective) स्तर पर स्नातक संस्कृत (B.A. संस्कृत) के उपाधि प्रमाणपत्र में भी लागू किया जा सकता है।

अतः बहुमत से इस विषय – **"हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्नातक संस्कृत (B.A. संस्कृत) के उपाधि प्रमाणपत्र में B.A. के साथ शास्त्री शब्द का उल्लेख करने तथा पूर्वप्रभावी (Retrospective) स्तर पर स्नातक संस्कृत (B.A. संस्कृत) के उपाधि प्रमाणपत्र में भी लागू किया जा सकता है"** का निर्णय किया गया।

(इति शम्)

465

(कार्यालयीयः अनुवादः)

संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभाग की पाठ्यसमिति के सप्तम उपवेशन (BOS 7th) का कार्यविवरण

संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग की सप्तम पाठ्य समिति की बैठक हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित धौलाधार परिसर में 24 मार्च 2021 को पूर्वाह्न 11:30 पर हुई। गोष्ठी का आरंभ समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉक्टर बृहस्पति मिश्र के औपचारिक स्वागत भाषण से हुआ।

इस बैठक में उपस्थित सदस्य थे -

1. डॉ० बृहस्पतिमिश्रः, (अध्यक्षः – संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः, पाठ्यसमितेः संयोजकश्च)
2. प्रो० हर्षमेहता, सेवानिवृत्तः आचार्यः, पञ्जाब विश्वविद्यालयः (तलवाड़ा टाउनशिप, होशियारपुर (बाह्यविषयविशेषज्ञः)
3. डॉ० ओमदत्तसरोचः, सेवानिवृत्तः प्राचार्यः, संस्कृतमहाविद्यालयः, चकमोहः, हमीरपुरम् (बाह्यविषयविशेषज्ञः)
4. प्रो० रोशन लाल शर्मा, आचार्यः – आङ्गलविभागः (कुलपतिद्वारा नामितः सदस्यः)
5. प्रो० बलवान् गौतमः, अध्यक्षः - अम्बेडकर-पीठम् (कुलपतिद्वारा नामितःसदस्यः)
6. डॉ० कुलदीपकुमारः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विभागीयसदस्यः)
7. डॉ० विवेकशर्मा, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विशेषामन्त्रितःसदस्यः)
8. डॉ० भजहरिदासः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विशेषामन्त्रितःसदस्यः)
9. श्रीमती अर्चना, सहायकाचार्या, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विशेषामन्त्रिता सदस्या)
10. डॉ० वैथी सुब्रह्मण्यः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विशेषामन्त्रितः सदस्यः)
11. डॉ० रणजीत कुमारः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः (विशेषामन्त्रितःसदस्यः)

इस बैठक के लिए विभागाध्यक्ष ने इस कार्य सूची का उपस्थापन किया-

- 7.1 पंचम पाठ्य समिति के कार्यवृत्त का अनुमोदन।
- 7.2 छठी पाठ्य समिति के कार्य वृत्त का अनुमोदन।
- 7.3 शोध छात्रों के शोध विषयों का अनुमोदन।
- 7.4 शोध उपाधि पाठ्यचर्या में नूतन पाठ्यक्रम का अनुमोदन।
- 7.5 स्नातकोत्तर स्तर पर लघु शोध प्रबंध के नूतन पाठ्यक्रम का अनुमोदन।

➢ 7.6 संस्कृत माध्यम से समाजशास्त्र के अध्यापन का अनुमोदन।

➢ 7.7 विभागीय पत्रों का यथासंभव संस्कृत भाषा के माध्यम से प्रसार और अंत में उनका हिंदी में कार्यालयीय अनुवाद।

➢ 7.8 अध्यक्ष की अनुमति से उपस्थापनीय कोई भी विषय (जो पूर्व निर्धारित कार्य सूची में नहीं है)।

कार्य विवरण इस प्रकार है–

3. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.1 –

➢ पंचम पाठ्य समिति के (BoS-5, 15-10-2019) कार्यवृत्त का अनुमोदन। (संलग्नक-1)

कार्यविवरणम् - संस्कृत विभाग की पाठ्य समिति के समक्ष उपस्थापित किए गए पंचम पाठ्य समिति के कार्यों और का अनुमोदन किया गया।

2. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.2 -

➢ छठी पाठ्य समिति के (BoS-6, 10-09-2020) कार्यवृत्त का अनुमोदन। (संलग्नक-2)

कार्यविवरणम् - छठी पाठ्य समिति में बीए प्रमाण पत्र में शास्त्री लिखने का अनुमोदन किया गया था। विचार के बाद इस विषय को स्थगित कर दिया गया क्योंकि इसकी संभावना है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने पर स्नातक का पाठ्यक्रम 4 वर्षों का होगा और तब विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार इस पर पुनर्विचार किया जाएगा।

4. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.3 –

➢ संस्कृत विभाग के तीन छात्रों के शोध विषयों का अनुमोदन।

कार्यविवरणम् - संस्कृत विभाग के तीन शोध छात्रों के शोध विषयों को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया।

1. अनिल कुमार का शोध विषय - कार्तिकेय : देवता, दर्शन,उपासना (स्कन्द पुराण के विशेष संदर्भ में) था। विचार के बाद उसे "कार्तिकेयः देवता, दर्शनम् ,उपासना (स्कंद पुराण और हिमाचलीय लोकसंस्कृति के विशेष संदर्भ में)" कर दिया गया। इस विषय में समिति के सदस्यों ने यह मत रखा कि इससे विषय का क्षेत्र और अधिक व्यापक हो जाएगा।

2. दूसरे शोध छात्र पंकज शर्मा का विषय बिना किसी परिवर्तन के यथावत् अनुमोदित कर दिया गया।

3. असीम हालदार का विषय पहले "मनोदूतकाव्यानां समीक्षात्मकमध्ययनम् (विष्णुदासकृत मनोदूतकाव्यस्य विशेषसंदर्भे)" था जिसे विचार के बाद परिवर्तित कर "दूतकाव्येषु मनोदूतकाव्यानां समीक्षात्मकमध्ययनं (विष्णदास कृत मनोदूतकाव्यस्य विशेषसंदर्भे)" ऐसा कर दिया गया| इस विषय में समिति के सदस्यों का यह विचार था कि इससे विषय का क्षेत्र अधिक स्पष्ट हो जाएगा।

इस प्रकार सप्तम पाठ्य समिति के अनुमोदन के बाद तीनों शोध छात्रों के शोध विषय इस प्रकार हो गए हैं-

शोधच्छात्रस्य नाम, शोधनिर्देशकः	**शोधविषयः**
शोधच्छात्रः - अनिलकुमारः **शोधनिर्देशकः** - डॉ० कुलदीपकुमारः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः	**शोधविषयः** - कार्तिकेयः- देवता,दर्शनम् उपासना (स्कन्दपुराणस्य हिमाचलीयलोकसंस्कृतेश्च विशेषसन्दर्भे)
शोधच्छात्रः - पङ्कजशर्मा **शोधनिर्देशकः** - डॉ० कुलदीपकुमारः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः	**शोधविषयः** - सायणीये ऋग्वेदभाष्ये प्रथममण्डले व्याख्यानशैली (उणादिसूत्राणां विशेषसन्दर्भे)
शोधच्छात्रः - असीमहालदारः **शोधनिर्देशकः** - डॉ० भजहरिदासः, सहायकाचार्यः, संस्कृत-पालि एवं प्राकृत-विभागः	**शोधविषयः** - दूतकाव्येषु मनोदूतकाव्यानां समीक्षात्मकमध्ययनम् (विष्णुदासकृतमनोदूतकाव्यस्य विशेषसन्दर्भे)

4. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.4

➢ शोध और प्रकाशन का नीतिशास्त्र यह पाठ्यक्रम शोध उपाधि की पाठ्यचर्या में पढ़ाना है।

कार्यविवरणम् - इस विषय में सभी सदस्यों ने गंभीर विचार किया। सभी का यह मत था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परामर्श के अनुसार "शोध और प्रकाशन का नीतिशास्त्र" यह 2 श्रेयांकों का पाठ्यक्रम सभी शोध छात्रों के लिए शोध उपाधि की पाठ्यचर्या में पठनीय है क्योंकि इससे शोध के समय उनके मन में शोध प्रबंध और शोधपत्र आदि के लेखन में स्रोतों के उल्लेख में सत्यनिष्ठा और स्पष्टता आएगी। अतः गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह विषय शोध उपाधि की पाठ्यचर्या में पढ़ाये जाने के लिए अनुमोदित कर दिया गया।

5. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.5

➢ संस्कृत विभाग में स्नातकोत्तर चतुर्थ सत्र में लघु शोध प्रबंध का एक पत्र होना चाहिए।

कार्यविवरणम् - इस विषय में सभी सदस्यों के द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। सबका यह मत था राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परास्नातक स्तर पर शोध अभिरुचि के विकास के लिए उपाय करने चाहिए ऐसा निर्दिष्ट है। अतः उसके अनुसरण में संस्कृत विभाग में स्नातकोत्तर के चतुर्थ सत्र में यदि लघु शोध प्रबंध का एक पत्र होगा तो स्नातकोत्तर स्तर से ही छात्रों में शोध अभिरुचि का विकास होगा। अतः संस्कृत विभाग में स्नातकोत्तर के चतुर्थ सत्र में लघु शोध प्रबंध का एक पत्र हो ऐसा सभी के द्वारा एकमत से अनुमोदित किया गया।

6. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.6

➢ समाजशास्त्र का अध्यापन संस्कृत माध्यम से करने का अनुमोदन।

कार्यविवरणम् - समाजशास्त्र का अध्यापन संस्कृत माध्यम से डॉक्टर भजहरी दास ने किया था और आगे भी किया जाएगा। कुलपति महोदय ने भी इसकी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान कर दी थी। यह विषय सभी सदस्यों के द्वारा आनंद पूर्वक अनुमोदित कर दिया गया।आगे भी इसका प्रवर्तन होता रहे, ऐसा शुभाशय भी सभी ने प्रकट किया।

7. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.7

- विभागीय पत्रों का यथासंभव संस्कृत में प्रसार हो और अंत में यथा आवश्यक हिंदी में उनका कार्यालयीय अनुवाद किया जाए।

कार्यविवरणम् - इस विषय में विमर्श के बाद सभी सदस्यों के द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सम्मति प्रकाशित की गई। सबका यह मत था कि इससे संस्कृत का प्रचार होगा और संस्कृतमय वातावरण बनाने में सरलता होगी। अतः यह विषय सर्व सम्मति से अनुमोदित कर दिया गया।

8. विषयक्र. एस.के.टी./बी.ओ.एस./7.8

- अध्यक्ष की अनुमति से उपस्थापनीय कोई भी विषय जो पूर्व निर्धारित कार्य सूची में नहीं है।

कार्यविवरणम् - अध्यक्ष की अनुमति से शोध प्रविधि के विषय में गंभीर चर्चा हुई सभी सदस्यों का यह मत था कि जिस प्रकार अन्य मानविकी के विषयों में विशेषकर आधुनिक भाषाओं में शोध प्रविधि का एक मानकीकृत रूप निर्धारित है और समय-समय पर उसमें संशोधन होता रहता है उसी प्रकार संस्कृत में भी शोध प्रविधि का एक मानकीकृत रूप निर्धारित कर यदि संस्कृत विभाग प्रकाशित करता है तो संस्कृत जगत का और संस्कृत में शोध रत शोधार्थियों का महान उपकार होगा प्रायः इस प्रकार का प्रयास संस्कृत में कहीं अन्यत्र दिखलाई नहीं पड़ता। अतः हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा इस प्रकार का कार्य होता है तो इस दिशा में प्रथम कार्य के रूप में यह ख्यापित होगा।

अंत में अध्यक्ष के द्वारा बाह्य विषयविशेषज्ञों, कुलपति के द्वारा नामित सदस्यों एवं विभागीय सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। इस आभार प्रदर्शन के साथ ही संस्कृत विभाग की पाठ्य समिति का सप्तम उपवेशन (BOS 7th) संपन्न हुआ।

इति

(कार्यालयीयः अनुवादः)

संस्कृत पाली एवं प्राकृत विभाग की आठवीं पाठ्य समिति (BoS-8) का कार्यवृत्त

दिनांक 15 सितम्बर , 2021 हि.प्र. के.वि. वि. धौलाधार परिसर -1 में संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग की आठवीं पाठ्य समिति की बैठक अपराह्न 2: बजे ऑनलाइन माध्यम से सम्पन हुई है। इसकी अध्यक्षता डॉ. बृहस्पति मिश्र ,विभागाध्यक्ष, संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा की गयी । **इसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे ।**

1. डॉ. बृहस्पति मिश्र – अधिष्ठाता,भाषा स्कूल एवं विभागाध्यक्ष, संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग (अध्यक्ष एवं सयोंजक)
2. प्रो. हर्ष मेहता, सेवानिवृतः आचार्यः, पंजाब विश्विद्यालय : (तलवाड़ा टाउनशिप होशियारपुर (बाह्यविशेषज्ञ)
3. डॉ० ओम दत्त सरोच : सेवानिवृत : प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय :, चकमोह :, हमीरपुर (बाह्यविशेषज्ञ)
4. प्रो० रोशन लाल शर्मा, आचार्यः – अंग्रेजी विभाग (कुलपतिद्वारा नामितः सदस्यः)

आठवीं बैठक में दो सदस्य उपस्थित नहीं थे ।

1. प्रो. ओ.एस.के शास्त्री , आचार्यः – भौतिकविज्ञानम् (कुलपतिद्वारा नामित सदस्य)
2. डॉ. कुलदीपकुमारः सहायक आचार्यः, संस्कृतपालिप्राकृतविभागः (विभागीय-वरिष्ठताक्रमसदस्य

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस./ 8.1 24 मार्च, 2021 को सातवीं पाठ्य समिति की वैठक के कार्यवृत का अनुमोदन हेतु। (संलग्नक-1)
कार्यविवरणम् - 24 मार्च, 2021 को सातवीं पाठ्य समिति की बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन किया गया ।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस./ 8.2 शोधार्थी देविंदर कुमार के शोध निर्देशक, शोध विषय और शोध प्रारूप की स्वीकृति के सम्बन्ध में। (संलग्नक-2)
कार्यविवरणम् - शोधार्थी देविंदर कुमार के शोध निर्देशक डॉ. रणजीत कुमार को श्री देविंदर कुमार का शोध निर्देशक नियुक्त किया गया और शोध विषय : "स्वराज्यमहाकाव्यस्य काव्यशास्त्रीयाध्ययनम्" तथा शोध प्रारूप को स्वीकृत किया गया।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस./ 8.3 स्नातक तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के संशोधन/नूतन/प्रस्ताव के सम्बन्ध में (संलग्नक-3)
कार्यविवरणम् - स्नातक तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर गहन विचार किया गया और संशोधन करने की पाठ्य समिति द्वारा स्वीकृति दी गयी ।

क्र. स.	विषय	क्रेडिट	कोड	परिवर्तित/नूतन
1	तर्क संग्रह	4	SKT145	नूतन
2	व्याकरण-3	4	122	संशोधित
3	संस्कृत साहित्यस्य इतिहासः	4	SKT- 185	संशोधित

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस./ 8.4 स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के संशोधन/नूतन/प्रस्ताव के सम्बन्ध में (संलग्नक-4)

कार्यविवरणम् - स्नातकोत्तर तृतीय सत्र के पाठ्यक्रम पर गहन विचार किया गया और संशोधन किया गया एवं पाठ्य समिति द्वारा स्वीकृति दी गयी।

क्र. स.	विषय	क्रेडिट	कोड	परिवर्तित/नूतन
1	वेदान्तसारः उपनिषच्च	4	SKT326	सत्रान्तरित
2	कौटिल्य-अर्थशास्त्रम्, मनुस्मृतिः	4	SKT328	नूतन
3	व्याकरणम् – मध्यसिद्धान्त-कौमुदी (1)	4	SKT364	नूतन
4	महाभाष्यम्	4	SKT362	सत्रान्तरित

स्नातकतृतीयसत्राय (B.A. 3RD SEM.) प्रस्तावितः पाठ्यक्रमः

क्र. स.	पाठ्यक्रम-कूटाङ्कः	पाठ्यक्रमस्य नाम	श्रेयाङ्काः
1	SKT145	तर्कसंग्रहः	4
2	SKT 109	नीतिशास्त्रम्	4
3	SKT 121	स्वप्नवासवदत्तम्	4
4	SKT 122	व्याकरणम् -3	4
5	SKT 185	संस्कृत साहित्यस्य इतिहासः	4
6	EEL 210	आङ्ग्लम्	4

स्नातकोत्तरतृतीयसत्राय(M.A. 3RD SEM.) प्रस्तावितः पाठ्यक्रमः

क्र. स.	पाठ्यक्रम-कूटाङ्कः	पाठ्यक्रमस्य नाम	श्रेयाङ्काः
1	SKT 326	वेदान्तसारः उपनिषच्च	4
2	SKT 309	संस्कृतगीतिकाव्यं चम्पूश्च	4
3	SKT 328	कौटिलीयम् अर्थशास्त्रम्, मनुस्मृतिः	4
4	SKT 350	ध्वनिशास्त्रम् (ध्वन्यालोकः प्रथमः उद्योतः)	4
5	SKT 351	रससिद्धान्तः (नाट्यशास्त्रम् षष्ठः अध्यायः)	4
6	SKT 364	व्याकरणम् (मध्यसिद्धान्त-कौमुदी-1)	4
7	SKT 362	महाभाष्यम्	4

अन्त में अध्यक्ष के द्वारा बाह्य विषयविशेषज्ञों, कुलपति के द्वारा नामित सदस्यों एवं विभागीय सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। इस आभार प्रदर्शन के साथ ही संस्कृत पाली एवं प्राकृत विभाग की पाठ्य समिति का अष्टम उपवेशन संपन्न हुआ।

विषयक्र. : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.9

अध्यक्षस्य अनुमत्या उपस्थापनीयः कोपि विषयः यः कार्यसूच्यां पूर्वनिर्धारितः नास्ति पाठ्यसमितेश्च अधिकारक्षेत्रे पतति ।

कार्यविवरणम्-

कोपि विषयो न प्रस्तुतः ।

अन्ते अध्यक्षद्वारा बाह्यविषयविशेषज्ञानां , कुलपतिद्वारानामितसदस्यानां विभागीयसदस्यानां च आभारः प्रकटितः। अनेन आभारप्रदर्शनेन साकमेव संस्कृतपालीप्राकृतविभागस्य पाठ्यसमितेः नवमम् उपवेशनं संपन्नमभूत्।

1. डॉ. बृहस्पतिमिश्रः (अध्यक्षः संयोजकश्च , पाठ्यसमितिः) 27-9-2021
2. प्रो. हर्षमेहता (बाह्यविशेषज्ञः) (online - उपस्थित)
3. डॉ० ओमदत्तः सरोचः (बाह्यविशेषज्ञः) (आभासीय रूपेण उपस्थित - online) 27/9/2021
4. प्रो० रोशनलालशर्मा (कुलपतिद्वारानामितः सदस्यः)
5. प्रो. ओ.एस.के.शास्त्री (कुलपतिद्वारानामितः सदस्यः)
6. डॉ. कुलदीपकुमारः (विभागीयः सदस्यः) 27/09/2021

हिंदी मे अनुवाद

संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग की नवमी पाठ्य समिति (BoS-9) का कार्यवृत्त

संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग की नवमी पाठ्य समिति (BoS-9) की बैठक हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित धौलाधार परिसर-1 में 27 सितम्बर, 2021 को पूर्वाह्न 11:00 पर हुई। गोष्ठी का आरंभ पाठ्य समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. बृहस्पति मिश्र के वैदिक मंगलाचरण और औपचारिक स्वागत भाषण से हुआ।

इस बैठक में उपस्थित सदस्य थे –

1. डॉ. बृहस्पति मिश्र, विभागाध्यक्ष- संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग, अधिष्ठाता, भाषा स्कूल (अध्यक्ष एवं संयोजक, पाठ्य समिति)
2. प्रो. हर्ष मेहता, सेवानिवृत्त , आचार्य - पंजाब विश्वविद्यालय (तलवाड़ा टाउनशिप होशियारपुर (बाह्यविशेषज्ञ)
3. डॉ० ओम दत्त सरोच, सेवानिवृत्त प्राचार्य- संस्कृत महाविद्यालय, चकमोह , हमीरपुर (बाह्यविशेषज्ञ)
4. प्रो० रोशन लाल शर्मा, आचार्य – अंग्रेजी विभाग (कुलपतिद्वारा नामित सदस्यः)
5. प्रो. ओ.एस.के.शास्त्री, आचार्य – भौतिकी एवं खगोल विज्ञान विभाग (कुलपतिद्वारा नामितः सदस्यः)
6. डॉ. कुलदीप कुमार , सहायक आचार्य- संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग (विभागीय सदस्यः)

इस बैठक के लिए विभागाध्यक्ष ने इस कार्य सूची का उपस्थापन किया-

- 9.1 15 सितम्बर, 2021 को आठवीं पाठ्य समिति (BoS-8) की वैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन हेतु।
- 9.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना हेतु विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के सैद्धान्तिक अनुमोदन हेतु।
- 9.3 स्नातक प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020) के अनुमोदन हेतु।
- 9.4 स्नातकोत्तर प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020)के अनुमोदन हेतु।
- 9.5 स्नातक संस्कृत की उपाधि मे शास्त्री शब्द जोड़ने के निर्णय हेतु।
- 9.6 राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना मे स्नातक स्तर के आंग्ल पाठ्य क्रम के अंगीकरण हेतु।
- 9.7 सम्भाषण प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम के निर्णय हेतु।
- 9.8 परीक्षक सूची के अनुमोदन हेतु।
- 9.9 अध्यक्ष की अनुमति से उपस्थापनीय कोई भी विषय जो कार्यसूची पूर्व निर्धारित नहीं है और पाठ्य समिति के अधिकार क्षेत्र मे है।

कार्य विवरण इस प्रकार है-

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.1

- 15 सितम्बर, 2021 को आठवीं पाठ्य समिति (BoS-8) की वैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन। (संलग्नक -1)

कार्य विवरण

संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग की आठवीं पाठ्य समिति (BoS-8) का कार्यवृत्त डॉ. कुलदीप कुमार, सहायक आचार्य संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका विचार विमर्श के बाद समिति के सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.2

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना हेतु विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों का सैद्धान्तिक अनुमोदन।(संलग्नक-2)

कार्य विवरण

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना हेतु विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों पर गहन विचार किया गया और इनका सैद्धान्तिक अनुमोदन कर दिया गया ।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.3

- स्नातक प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020) के अनुमोदन। (संलग्नक -3)

कार्य विवरण

समिति के सदस्यों ने गहन विचार के बाद स्नातक प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020 के अनुसार) का अनुमोदन कर दिया।

इस के साथ ही इस विषय में समिति के सदस्य प्रो. ओ.एस.के. शास्त्री ने यह परामर्श दिया कि स्नातक के तीन वर्षो में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्रथम चार सत्रों मे गौण (Minor) विभाग के अंतर्गत चार श्रेयांक (Credits) के चार प्रश्न पत्र और सामुदायिक सम्पर्क के अंतर्गत दो श्रेयांक (Credits) के चार प्रश्न पत्र पढने से छात्र कुल 24 श्रेयांक (Credits) (16+8=24) अर्जित कर लेगा। जिस विषय मे छात्र ये 24 श्रेयांक (Credits) अर्जित करेगा उस विषय मे वह स्नातकोत्तर उपाधि अर्जित करने के लिए अर्ह हो जायेगा। ऐसा करने से संस्कृत के छात्र को स्नातक करने के बाद अन्य विषयों जैसे हिंदी , अंग्रेजी, समाजशास्त्र, पंजाबी, राजनीति विज्ञान आदि मे भी स्नातकोत्तर करने के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.4

- स्नातकोत्तर प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020) के अनुसार अनुमोदन। (संलग्नक -4)

कार्य विवरण

समिति के सभी सदस्यों ने गहन विचार के बाद प्रस्तावित स्नातकोत्तर प्रथम सत्र के पाठ्यक्रम (रा.शि.नी.-2020 के अनुसार) का अनुमोदन कर दिया।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.5

- स्नातक संस्कृत की उपाधि मे शास्त्री शब्द जोड़ने के निर्णय हेतु।

कार्य विवरण

स्नातक संस्कृत की उपाधि मे "शास्त्री" शब्द जोड़ने के निर्णय हेतु समिति के सभी सदस्यों ने गहन विचार विमर्श किया। सभी पक्षों पर विचार करने के बाद समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि स्नातक के वर्तमान स्वरूप मे स्नातक उपाधि के साथ "शास्त्री" शब्द जोड़ना समीचीन न होगा । सभी सदस्यों का इस विषय मे एक मत था कि विश्वविद्यालय मे संस्कृत विभाग वर्तमान में चल रही स्नातक संस्कृत की उपाधि के साथ- साथ अलग से "शास्त्री" उपाधि का कार्यक्रम चलाया जा सकता है।

इस प्रकार समानान्तर रूप से स्नातक (B.A) संस्कृत एवं शास्त्री उपाधि के दो कार्यक्रम चलाने से छात्रों का हित भी होगा और उन्हें इच्छा के अनुसार विकल्प चुनने की स्वतन्त्रता भी प्राप्त होगी। इस विषय मे समिति ने सर्वसम्मति व्यक्त की।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.6

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना मे स्नातक स्तर के आंग्ल पाठ्यक्रम का अंगीकरण हेतु । (संलग्नक -5)

कार्य विवरण

समिति के सभी सदस्यों ने विचार विमर्श के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना मे उपस्थापित स्नातक स्तर के आंग्ल पाठ्यक्रम का अंगीकरण किया। यह विषय आंग्ल विभाग के द्वारा ही पढ़ाया जायेगा।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.7

- सम्भाषण प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम निर्णय हेतु।

कार्य विवरण

संस्कृत सम्भाषण के लिए प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम के विषय मे समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न पक्षों पर विचार किया और अंत मे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इसका निर्णय इस समय पाठ्य समिति मे नहीं किया जा सकता और इस

के लिए अलग से एक पाठ्य क्रम विकास समिति (Curriculum Development Committee) का निर्माण किया जाना चाहिए। इस समिति के प्रतिवेदन पर बाद मे पाठ्य समिति मे विचार किया जा सकता है। इस विषय मे प्रो. ओ.एस.के. शास्त्री ने यह परामर्श दिया कि पाठ्य क्रम की अवधि के अनुसार ही नामकरण होना चाहिए , जिस से नाम की समानता के कारण कोई भ्रम अथवा विसंगति उत्पन्न न हो।

समिति के अन्य सभी सदस्यों ने इस विषय में अपनी सहमति व्यक्त की।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.8

- परीक्षक सूची के अनुमोदन हेतु । (संलग्नक -6)

कार्य विवरण

पाठ्य समिति के सभी सदस्यों ने मूल्यांकन हेतु विभागाध्यक्ष द्वारा उपस्थापित की गयी परीक्षक सूची का अनुमोदन कर दिया।

विषयक : एस.के.टी./बी.ओ.एस/9.9

अध्यक्ष की अनुमति से उपस्थापित कोई भी विषय जो कार्यसूची मे पूर्व निर्धारित नहीं है और पाठ्य समिति के अधिकार क्षेत्र मे है।

कार्य विवरण

कोई भी विषय प्रस्तुत नहीं किया गया।

अंत में अध्यक्ष के द्वारा बाह्य विषयविशेषज्ञों, कुलपति के द्वारा नामित सदस्यों एवं विभागीय सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। इस आभार प्रदर्शन के साथ ही संस्कृत पाली एवं प्राकृत विभाग की पाठ्य समिति का नवम उपवेशन संपन्न हुआ।